Research Unit
Press Information Bureau
Ministry of Information and Broadcasting
Government of India

# विकसित भारत संकल्प यात्रा: दो सप्ताह से भी कम अवधि में 20,00,000 लोग यात्रा में शामिल

नवम्बर 28, 2023

हाल ही में भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा अब देशभर में राष्ट्रीय विकास की दिशा में हो रहे परिवर्तनकारी बदलाव का प्रतीक बनती जा रही है। केंद्रीय योजनाओं के प्रति जन साधारण को जागरूक करने व अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा **15 नवंबर, 2023 को खूंटी, झारखंड** से शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी पहल ने न केवल उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, बल्कि व्यापक प्रशंसा भी हासिल की है।



दो सप्ताह से भी कम समय में, **20 लाख लोग** इस राष्ट्रव्यापी यात्रा में सक्रिय रूप से भाग ले चुके हैं, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों के समान और उत्साही प्रतिनिधित्व को दर्शाता है। इस प्रकार, संकल्प यात्रा में जनता की सक्रीय भागीदरी देश की प्रगति को आगे बढ़ाने में नागरिकों की प्रतिबद्धता और संकल्प को भी उजागर कर रही है। अब तक **7,800 से अधिक ग्राम पंचायतों को कवर कर चुकी** यह यात्रा स्थानीय जन समुदायों के बीच सामूहिक उद्देश्य और प्रतिबद्धता की भावना को बढ़ावा दे रही है। इस यात्रा के तहत **16.23 लाख से अधिक** नागरिक राष्ट्र को विकसित बनाने की दिशा में शपथ ग्रहण कर चुके हैं।



इस यात्रा का सबसे उल्लेखनीय पहलू स्वास्थ्य सेवाओं में इसका बेहतर प्रभाव देखने को मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान **5,470 स्वास्थ्य शिविरों** के माध्यम से **995 ग्राम पंचायतों में 7,82,000 से अधिक लोगों को** महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं। यह इस यात्रा में जन भागीदारी के प्रति सरकार के सक्रिय दृष्टिकोण को भी दर्शाती है। **यात्रा के तहत लगभग 10 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं**। इसके अतिरिक्त भारी संख्या में लोगों की तपेदिक (टीबी), सिकल सेल रोग (एससीडी), उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच की गई है और देखभाल के लिए महत्वपूर्ण रेफरल किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त यात्रा के दौरान सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों पर विशेष रूप से फोकस किया गया है। यात्रा के उदघाटन के दिन ही **21,000 से अधिक लोगों ने पीएम उज्ज्वला योजना में नामांकन करवाया**, जिससे सरकारी पहल में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित मिला । यही नहीं , **50,000 से अधिक लाभार्थियों**

**द्वारा "मेरी कहानी, मेरी जुबानी" के दौरान साझा किये गए अनुभवों ने उनके जीवन में सरकारी योजनाओं के परिवर्तनकारी प्रभावों को रेखांकित किया है।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा समावेशी विकास हासिल करने के लिए नागरिकों और सरकार के सहयोगात्मक प्रयासों को दर्शाती है। यह यात्रा राष्ट्र के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का संकेत देती है, जो प्रगति और समृद्धि की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।




**निमिष रुस्तगी/हिमांशु पाठक/मदीहा इक़बाल/इंदू शर्मा**